हिन्दुस्तान epaper

बुनकरों को रियायती दर पर बिजली के लिए 250 करोड़

लखनऊ, प्रमुख संवाददाता। प्रदेश सरकार ने इस बजट के माध्यम से बुनकरों की दिक्कतों को दूर करने की

02 लाख से ज्यादा बुनकरों को लाभ होगा

28/05/2022

लखनऊ, प्रमुख संवाददाता। प्रदेश सरकार ने इस बजट के माध्यम से बुनकरों की दिक्कतों को दूर करने की कोशिश भी की है। पावरलूम बुनकरों को रियायती दर पर बिजली मुहैया कराने के लिए 250 करोड़ रुपये का प्राविधान बजट में किया गया है। प्रदेश सरकार की इस पहल का लाभ करीब ढाई लाख बुनकरों को होगा।

पिछले दिनों हथकरघा विभाग की बैठक में पावरलूम बुनकरों को बिजली दरों में रियायत से संबंधित योजना का प्रस्तुतीकरण मुख्यमंत्री के समक्ष किया गया था। जिसमें मुख्यमंत्री ने इस प्रस्ताव पर कहा था कि बुनकर प्रतिनिधियों से बातचीत कर सहमति बनाते हुए योजना को अतिम रूप दिया जाए। शासन के एक वरिष्ठ अधिकारी का कहना है कि जल्द ही रियायती दर पर बिजली देने की नीति तय कर दी जाएगी। प्रदेश सरकार ने बजट के माध्यम से हथकरघा व वस्त्रत्तेद्योग को प्रोत्साहित करने के लिए 268 करोड़ रुपये आवंटित किए हैं। जिसमें सबसे अधिक धनराशि पावरलूम बुनकरों को रियायती दर पर बिजली देने के लिए ही 250 करोड़ रुपये का प्राविधान किया गया है। अनुसूचित जाति के बुनकरों को स्वरोजगार से जोड़ने देने के उद्देश्य से झलकारी बाई कोरी हथकरघा एवं पावरलूम स्पेशल कंपोनेंट योजना चलाने की घोषणा की है।